हल्द्वानी (नैनीताल) एवं देहरादून से एक साथ प्रकाशित

समाचारों को विस्तार से व तत्काल पढ़ने के लिए क्लिक करें

Web:- www.jokhimnews.com

सूचना एवं लोकसम्पर्क विभाग, उत्तराखण्ड में "A" श्रेणी में सूचीबद्ध

# जोखिम

भय भूख एवम् भ्रष्टाचार के खिलाफ संघर्षरत् निर्भीक राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

वर्ष : 16 अंक : 138 | हल्द्वानी (नैनीताल) बुधवार 01 अप्रैल 2026 | मूल्य रू 2 | पृष्ठ : 8


## हरीश रावत के 15 दिन के अवकाश के फैसले से धीरेंद्र प्रताप दुखी



रामनगर (संवाददाता)। उत्तराखंड कांग्रेस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष और वरिष्ठ प्रवक्ता धीरेंद्र प्रताप ने पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत के उस फैसले पर दुख जताया है जिसमें उन्होंने 15 दिन के अवकाश की बात कही है और अवकाश पर चले गए है। धरेंद्र प्रताप ने कहा किसी भी परिवार के मुखिया का छुट्टी पर जाना पूरे परिवार के लिए चिंता का विषय होता है। यह सही है कि हर व्यक्ति को आराम की आवश्यकता है परंतु हरीश रावत जी का जिस तरह का सक्रिय राजनीतिक जीवन रहा है उसमें उनका एक पल भी पार्टी की गतिविधि से दूर रहना असंभव दिखाई देता है। उन्होंने कहा उनके अवकाश के पीछे उन्हें पीड़ा के संकेत मिले हैं। जिसको पार्टी आलाकमान को दूर करना चाहिए। उन्होंने कहा कि हरीश रावत ने आजीवन कांग्रेस के वफादार नेता के रूप में कार्य किया है और उनकी सेवाओं की कद्र की जानी चाहिए । उन्होंने कहा कि उनकी हाल ही में हरिद्वार में ब्रह्म शुरू ब्रह्मचारी जी के जन्मदिवस के अवसर पर जय राम आश्रम में भेंट हुई है और शीर्ष नेता ने उनसे बातचीत के लिए कहा है। श्री प्रताप ने कहा कि वे शीघ्र ही हरीश रावत जी से से मिलेंगे और विस्तार पूर्वक उनसे चर्चा करके उनके अवकाश के फैसले पर पुनर्विचार की अपील करेंगे ।उन्होंने कहा हरीश रावत व्यक्ति नहीं एक संस्था है और आज का जो उत्तराखंड है उसमें उनके कद का एक भी नेता राज्य में दिखाई नहीं देता।

## देशी शराब की दुकान के आवंटन का विरोध

रामनगर (संवाददाता)। रामनगर के ग्राम मालधन क्षेत्र में देशी शराब की दुकान के आवंटन का विरोध होने लगा है। लोगों ने एसडीएम से मिलकर एक ज्ञापन जिला अधिकारी को भेजकर दुकान आवंटन की प्रक्रिया को रद्द करने की मांग की है।मंगलवार को कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष ओमप्रकाश के नेतृत्व में ग्राम मालधन के लोगों ने कहा कि गांव में निर्धन लोग रहते हैं। कच्ची शराब की ब्रिकी विभाग रोक ही नहीं पा रहा है। ऐसे में गांव की महिलाओं का जीना मुश्किल हो गया है। बताया कि युवा वर्ग नशे की चपेट में आ रहा है। उन्होंने शराब की दुकान आवंटन रद्द नहीं करने पर उग्र आंदेलन की चेतावनी दी है। एसडीएम गोपाल सिंह चौहान ने बताया कि मामले की जांच की जाएगी। इस दौरान कांग्रेस मालधन ब्लॉक अध्यक्ष ओमप्रकाश, गिरधारी लाल, भूपाल राम,अपूर्व शाह,सुरेंद्र लाल, शंकर लाल, महेंद्र लाल आर्य,बलदेव प्रसाद आदि मौजूद रहें।



## घर के अंदर गैस सिलेंडर फटा

ऊधम सिंह नगर (संवाददाता)।: जनपद ऊधम सिंह नगर के रुद्रपुर में घर के अंदर गैस सिलेंडर फटा है। हादसे में मां-बेटे समेत तीन लोग गंभीर रूप से घायल हुए है। उन्हें एसटीएच रेफर किया गया है। बताया गया कि महिला खाना बना रही थी। तभी यह दर्दनाक हादसा हुआ है।मिली जानकारी के अनुसार यह घटना रुद्रपुर के ट्रांजिट कैंप कोतवाली क्षेत्र के कृष्णा कॉलोनी में हुई। जहां मंगलवार सुबह घर के अंदर अचानक सिलिंडर फट गया। हादसे में घर में मौजूद 3 लोग बुरे तरह झुलसे है। घायलों में एक ही परिवार के 3 सदस्य शामिल हैं, जिनमें मां-बोटा और एक अन्य व्यक्ति है। आनन-फानन में जिला अस्पताल पहुंचाया गया। जहां उनकी गंभीर हालत को देखते हुए एसटीएच रेफर कर दिया गया है। कोतवाल मोहन चंद्र पांडे ने बताया कि मंगलवार की सुबह साढ़े सात बजे कृष्णा कॉलोनी निवासी गोमती देवी घर पर रोटी बना रही थी। तभी अचानक गैस सिलिंडर फटा है। धमाका इतना तेज था कि दीवार टूटकर गिर गई। घटना में 30 वर्षीय गोमती के अलावा उनका 10 वर्षीय नीरज और एक अन्य घायल हुए हैं।




## अपराध समीक्षा बैठक आयोजित की गई

हल्द्वानी (संवाददाता)। उत्तराखंड में कानून और व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए आज हल्द्वानी में एक महत्त्वपूर्ण अपराध समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस बैठक की अध्यक्षता डॉ. वी. मुरुगेशन, अपर पुलिस महानिदेशक (अपराध एवं कानून व्यवस्था) ने की। बैठक में नैनीताल और ऊधमसिंह नगर के पुलिस कप्तान एवं सभी राजपत्रित अधिकारी शामिल हुए।बैठक का उद्देश्य विशेष अपराधों, लंबित विवेचनाओं और सुरक्षा व्यवस्था की गुणवत्ता का जायजा लेना था।विवेचनाओं एवं विभागीय कार्यों पर सख्त रुखएडीजी महोदय ने बिंदुवार समीक्षा करते हुए कहा कि शिकायतों कासमयबद्ध निस्तारण, थानों का नियमित निरीक्षण और लंबित माल का भौतिक सत्यापन हर हाल में सुनिश्चित किया जाए।ई-साक्ष्य अन्य डिजिटल पोर्टल्स पर डेटा अंकन तुरंत पूर्ण किया जाए।कुछ थानों में महिला अपराध की विवेचना 60 दिन की अनिवार्य अवधि में पूरी नहीं हो रही।सभी विवेचनाओं को प्राथमिकता के साथ समय सीमा में पूर्ण किया जाए।कमर्शियल क्वांटिटी के मामलों में जांच की गुणवत्ता बढ़ाई जाए।बड़े तस्करों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई और संपत्ति जब्ती की प्रक्रिया तेज की जाए।विशेष अभियान चलाकर नाबालिगों और अन्य गुमशुदा व्यक्तियों की शत-प्रतिशत बरामदगी सुनिश्चित करने के निर्देश।तकनीकी साधनों और प्रचार-प्रसार के माध्यम से लावारिस एवं अज्ञात शवों की तेजी से शिनाख्त सुनिश्चित करने के आदेश।बैठक के अंत में एडीजी ने स्पष्ट किया;जहां कार्यों में शिथिलता दिखी, वहां जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही तय होगी। डिजिटल और तकनीकी साधनों का अधिकतम उपयोग कर अपराध मुक्त समाज बनाना हमारी प्राथमिकता है।बैठक में उपस्थित वरिष्ठ अधिकारीबैठक में डॉ॰ मंजूनाथ टी॰सी॰ (एसएसपी नैनीताल), स्वप्न किशोर सिंह (एसपी सिटी काशीपुर) समेत दोनों जनपदों के सभी क्षेत्राधिकारी और वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मौजूद रहे।



## नशे के खिलाफ गूंजा बैजनाथ: जागरूकता की गर्जना बनकर सड़कों पर उतरी पुलिस की बाईक रैली

बागेश्वर(संवाददाता)। उत्तराखण्ड को नशा-मुक्त बनाने के संकल्प को साकार रूप देने की दिशा में आज बैजनाथ की धरती पर एक सशक्त और प्रेरणादायी पहल देखने को मिली, जब कोतवाली बैजनाथ पुलिस ने 'नशा मुक्त उत्तराखण्ड' अभियान के अंतर्गत भव्य जनजागरूकता बाईक रैली का आयोजन किया। पुलिस मुख्यालय देहरादून के निर्देशों तथा पुलिस अधीक्षक बागेश्वर के कुशल पर्यवेक्षण में आयोजित यह रैली न केवल एक औपचारिक कार्यक्रम रही, बल्कि समाज के प्रत्येक वर्ग को झकझोर देने वाला संदेश बनकर उभरी। दिनांक 31 मार्च 2026 को आयोजित इस रैली का शुभारंभ कोतवाली बैजनाथ गेट से हुआ, जो बैजनाथ तिराहा, ऐतिहासिक बैजनाथ मंदिर, टीट बाजार, गोलू पुल, गरुड़ बाजार जैसे प्रमुख स्थलों से होते हुए पंचास तिराहा, गरुड़ में जाकर संपन्न हुई। रैली के दौरान पुलिस कर्मियों की सक्रियता और उत्साह ने पूरे क्षेत्र में जागरूकता का वातावरण निर्मित कर दिया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य युवाओं और छात्र-छात्राओं को नशे के घातक प्रभावों से अवगत कराना और उन्हें इस विनाशकारी प्रवृत्ति से दूर रहने के लिए प्रेरित करना रहा।



## काठगोदाम स्थित सेकेंडरी वर्क डिविजन कार्यालय में छापेमारी

हल्द्वानी (संवाददाता)। /प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए हाइडिल विभाग के काठगोदाम स्थित सेकेंडरी वर्क डिविजन कार्यालय में छापेमारी की। सिटी मजिस्ट्रेट एपी वाजपेयी के नेतृत्व में हुई इस कार्रवाई के दौरान सहायक अभियंता दीपक बोरा कार्यालय में नशे की हालत में पाए गए। जानकारी के अनुसार, सहायक अभियंता के शराब पीकर दफ्तर आने की शिकायत प्रशासन को मिली थी। शिकायत की पुष्टि के लिए सिटी मजिस्ट्रेट ने टीम के साथ अचानक छापा मारा, जहां दीपक बोरा नशे की हालत में मौजूद मिले।



# संपादकीय

## निर्वाचन आयोग के सामने चुनौती

पश्चिम बंगाल में जिन अर्जियों पर अगले 18 दिन में फैसला नहीं हो पाएगा, उनसे संबंधित मतदाताओं के अधिकार की उपेक्षा करते हुए चुनाव कराना किस लिहाज से उचित माना जाएगा? एक भी नागरिक के मताधिकार का हनन अवांछित है।पश्चिम बंगाल में 60 लाख व्यक्तियों के मताधिकार पर अंतिम निर्णय हुए बिना निर्वाचन आयोग ने राज्य विधानसभा के चुनाव कार्यक्रम का एलान कर दिया है। ये वो लोग हैं, मतदाता सूची में जिनके नाम पर विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान विवाद खड़ा हुआ। उनसे संबंधित अर्जियां विचाराधीन हैं, जिन्हें निपटाने के लिए सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर न्यायिक अधिकारियों की सहायता ली जा रही है। लेकिन ये काम इतना पेचीदा है कि इस बारे में फैसले की रफ्तार धीमी बनी हुई है। इस बीच घोषित कार्यक्रम के मुताबिक छह अप्रैल को परचा भरने की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी।मुद्दा है कि जिन अर्जियों पर अगले 18 दिन में फैसला नहीं हो पाएगा, उनसे संबंधित मतदाताओं के अधिकार की उपेक्षा करते हुए चुनाव कराना किस लिहाज से उचित माना जाएगा? कहा जाता है कि लोकतंत्र में प्रत्येक मत महत्त्वपूर्ण है। वोट हर नागरिक का मूलभूत अधिकार है। एक भी नागरिक के इस अधिकार का हनन लोकतंत्र की मूलभूत भावना पर प्रहार होगा। ऐसा हुआ, तो उसके लिए सीधे तौर पर निर्वाचन आयोग को दोषी माना जाएगा, जिसने जल्दबाजी में एसआईआर कराने का फैसला किया। साथ ही ये प्रक्रिया निर्विवाद ढंग से हो तथा संदेह से परे रहे, इसका इंतजाम करने में वह विफल रहा।रविवार को आयोग ने पश्चिम बंगाल के अलावा असम, तमिलनाडु, केरल और केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी के लिए चुनाव कार्यक्रम घोषित किए। इनमें अच्छी बात तो यह है कि इस बार टुकड़ों-टुकड़ों में मतदान कराने की परिपाटी छोड़ दी गई है। पश्चिम बंगाल में दो चरणों में और बाकी राज्यों में एक चरण में मतदान होगा। मगर असम, केरल और पुडुचेरी में नौ अप्रैल को मतदान के बाद मतगणना के लिए 25 दिन के इंतजार की अवांछित स्थिति बनेगी। हाल में ऐसी परिस्थितियों से संदेह का माहौल बनता रहा है। अत: बेहतर होता कि हर राज्य में मतदान और मतगणना में न्यूनतम संभव अंतर रखा जाता। बहरहाल, अब आयोग के सामने चुनौती चुनाव प्रक्रिया को तमाम संदेहों और सवालों से परे रखने की है। ऐसा वह सभी पक्षों के प्रति समान नजरिये का परिचय देकर कर सकता है।

# 2013 का बदला 2026 में लिया

हरिशंकर व्यास

नीतीश कुमार को ज्यादा समय तक मुख्यमंत्री नहीं रहने देना है इसका फैसला नवंबर 2025 के विधानसभा चुनाव से पहले ही बन गई थी। सबको साफ दिख रहा था कि नीतीश कुमार भूलने की बीमारी से ग्रस्त हो गए हैं। इसका फायदा उठा कर भाजपा के शीर्ष नेतृत्व ने उनके आसपास के नेताओं को अपने साथ मिलाना शुरू किया। इसके लिए साम, दाम, दंड और भेद की नीति अपनाई गई। जिसे अंग्रेजी में स्टिक एंड कैरेट की नीति कहते हैं। नेताओं को डरा कर और लालच देकर साथ मिलाया गया। उनको इस बात के लिए तैयार किया गया कि वे नीतीश कुमार को भाजपा के बराबर सीट लेकर लड़ने के लिए राजी करें। उनको इस बात के लिए भी तैयार किया गया कि नीतीश को मुख्यमंत्री पद का दावेदार घोषित करके चुनाव नहीं लड़ा जाएगा। नीतीश की मानसिक अवस्था ऐसी नहीं थी कि वे इन चीजों का प्रतिरोध कर सकें और उनके आसपास के ऐसे लोग, जो उनके प्रति ईमानदार थे, उनकी हैसियत ज्यादा बड़ी नहीं थी। और पार्टी के बड़ी हैसियत वाले नेताओं को डरा कर या लालच देकर भाजपा ने अपने साथ कर लिया था।सो, 2025 के विधानसभा चुनाव में भाजपा और जनता दल यू दोनों बराबर सीटों पर लड़े। जदयू के एक सौ सीटों पर लघ्ड़ने से ही साफ हो गया कि इस बार उसका प्रदर्शन भाजपा से कमतर होगा। ध्यान रहे हर चुनाव में भाजपा के मुकाबले जदयू का स्ट्राइक रेट कम होता है और ऐसा इसलिए होता है क्योंकि भाजपा के कोर वोटर का पूरा वोट जदयू को ट्रांसफर नहीं होता है। सो, पहले तो जदयू को एक सौ सीटें दी गई। उसके बाद तीन सहयोगी पार्टियों को 43 सीटें दे दी गई। ये वो सहयोगी हैं, जो पहले भी भाजपा के साथ मिल कर नीतीश के खिलाफ चुनाव लड़ चुके हैं। सो, भाजपा ने 143 सीटें अपने लिए और अपनी नजदीकी सहयोगियों के लिए रखीं, जबकि नीतीश की पार्टी एक सौ सीटों पर लड़ी। चुनाव नतीजों में भी भाजपा और अन्य सहयोगियों को 117 सीटें मिलीं, जो बहुमत से सिर्फ पांच कम हैं। यानी आज अगर भाजपा चाहे तो नीतीश की पार्टी को छोड़ कर भी सरकार बना सकती है।सो, चुनाव से पहले भाजपा ने जिस योजना का ताना बाना बुना था उस पर अब अमल हो गया है। विधानसभा की गणित से ज्यादा नीतीश की मानसिक अवस्था और उनके करीबी लोगों के विश्वासघात से ही भाजपा इस योजना पर अमल कर पाई। इसमें चार महीने की देरी हुई है तो वह भी बिहार की जनता और नीतीश कुमार की पुरानी पुण्यता के कारण हुए। भाजपा को अनुमान नहीं था कि ऐसा छप्परफाड़ बहुमत आएगा। उनको लग रहा था कि भाजपा बहुत अच्छा करेगी और नीतीश 50 सीटों के आसपास रह जाएंगे। अगर ऐसा होता तो 14 नवंबर को नतीजे के बाद ही भाजपा का सीएम शपथ लेता। लेकिन पूरा चुनाव नीतीश के चेहरे पर हो गया और नतीजा यह हुआ कि भाजपा को 89 सीटें मिलीं तो जदयू को 85 सीटें मिल गई।तभी नतीजों के बाद जब मोदी और शाह की ओर से जदयू के नेताओं से कहा गया कि भाजपा का सीएम बनाया जाए तो उनके सामने बड़ा संकट खड़ा हो गया। उन्होंने किसी तरह से दोनों को समझाया कि अभी अगर नीतीश को नहीं बनाया गया तो बगावत हो जाएगी। उनकी पार्टी के नेता भड़क जाएंगे। तभी चार महीने इंतजार किया गया। नीतीश की मानसिक अवस्था इस बीच और बिगड़ती गई। जब भाजपा को लगा कि अब नीतीश किसी भी योजना का प्रतिरोध करने में सक्षम नहीं हैं तो उसने जदयू के उन नेताओं को काम पर लगाया, जो उसके लिए काम कर रहे थे। उन्होंने नीतीश को पार्टी और राज्य का भला बुरा समझा कर तैयार करा लिया कि वे मुख्यमंत्री पद छोड़ें और राज्यसभा चले जाएं। इस तरह 2013 का बदला नीतीश से 2026 में ले लिया गया।

# ईरान बनाम अमेरिका: ट्रंप का नया पैंतरा, अराघाची व गालिबफ को अभयदान

डॉ. सुधीर सक्सेना

इस्रायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के उकसावे पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपनी खब्त में आकर मध्यपूर्व में जंग के शिकंजे में अपने पाँव बुरी तरह फँसा लिये हैं। संप्रति अमेरिका की हालत निगलत-उगलत पीर घनेरी मार्का हो गयी है। 28 मार्च को युद्ध छिड़े पूरा एक माह बीत गया, लेकिन उसका एक भी इरादा पूरा होना तो दूर रहा, उलटे उसकी भद्द पिटने का दौर जारी है। साँप-छछूंदर गति के वशीभूत लगातार रंग बदलते ट्रंप ने ईरान के दो शीर्ष नेताओं-विदेश मंत्री अराघाची और स्पीकर गालिबफ को अभयदान देने का ऐलान किया है। उनका कहना है कि ये दोनों नेता अब इस्रायल की हिटलिस्ट में नहीं है और इस्रायल खामेनेई और लारीजानी की भांति उन्हें मारने के लिये एयर स्ट्राइक नहीं करेगा। मजेदार बात यह है कि उन्होंने यह कदम अमेरिका और ईरान के मध्य मध्यस्थता कर रहे आतंकवादी राष्ट्र पाकिस्तान के फौजी शासक असीम मुनीर की गुजारिश पर उठाया है। मुनीर का तर्क है कि यदि उक्त दोनों शीर्ष ईरानी नेता जीवित नहीं रहे, तो अमेरिका वार्ता किससे करेगा? गौरलतब अयातुल्लाह खामेनेई के उत्तराधिकारी मोज्तबा खामेनेई को आहत अवस्था में तेहरान से निकालने में रूस सफल रहा है और उनका इन दिनों मस्क्वा में उपचार हो रहा है। अमेरिका के लिए परेशानी का एक और सबब यह भी है कि वह ईरान में इस्लामी हुकूमत को अपदस्थ कर अपनी कठपुतली सरकार बिठाने में विफल रहा है। उलटे इस्लामी हुकूमत के पीछे अवाम के एकजुट होने से उसके पाये और मजबूत हुये हैं। यह भी साफ हो गया है कि आर्यमेहर रजा शाह पहलवी के बेटे को निर्वासन से वापसी और राज्याभिषेक में ईरानी अवाम की कोई रूचि नहीं है।अराघाची और गालिबफ को अभयदान को राष्ट्रपति ट्रंप के नये पैंतरे के तौर पर देखा जा रहा है। इसके जरिये वह अपनी जंगजू इमेज को सदाशयी मोड में लाना चाहते हैं तथा बरसों से पाबंदियों और जंग-दर-जंग झेल रहे ईरान में अपेक्षाकृत लिबरल लॉबी खड़ी करना चाहते हैं। पिछले एक माह में उनके नुकसानों की फेहरिश्त लंबी है। उन्हें उम्मीद थी कि ईरान-प्रसंग एक हफ्ते में निपट जायेगा। लेकिन यह उनकी खामख्याली साबित हुई। ईरान ने खूब मोर्चा लड़ाया। उसने प्रत्यक्रमण कर कतर, दुबई, सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात, बहरीन, ओमान में तो कहर बरपाया ही, सुदूर डियागोगार्सिया तक मिसाइलें दाग कर इस्रायल-अमेरिका धुरीको चौंका दिया। ईरान की कार्रवाई से एक तो उक्त देशों का अमेरिका के सुरक्षा कवच पर भरोसा टूटा। दूसरे, इस्रायल के आयरन डोम का मिथ भी खंडित हो गया। एक और बड़ी बात यह हुई कि अमेरिका-पोषित नाटो में दरारें पड़ गयीं और इटली-स्पेन जैसे राष्ट्रों ने सहयोग के नाम पर हाथ खड़े कर दिये। नतीजतन खीझ में आकर ट्रंप ने नाटो-राष्ट्रों को कायर की संज्ञा दे डाली। ट्रंप को एक और निजी मलाल यह है क गालिबफ ने उनके दामाद किश्नर और विटकोफ से वार्ता से इंकार कर दिया और जेडी वांस से बातचीत की इच्छा व्यक्त की।घड़ी की सुइयां तेजी से घूम रही हैं। दुनिया अभूतपूर्व ऊर्जा और ईंधन संकट की ओर बढ़ रही है। होर्मुज जलडमरूमध्य ईरान के कब्जे और निगरानी में है। ईरान वहां फौरी कार्रवाई कर वैश्विक संचार प्रणाली को तहस-नहस कर सकता है। खर्ग द्वीप पर अमेरिकी कार्रवाई यकीनन जबर्दस्त जवाबी कार्रवाई को न्यौता देगी। अगर्चे अमेरिका ने वहां मैरीनार और जमीनी टुकड़ियां भेजीं तो जंग बेमियादी दौर में पहुंच जायेगी और अमेरिका को वियेतनाम और अफगानिस्तान जैसी विषम और प्रतिकूल परिस्थितियों से दो-चार होना पड़ेगा। सुलह के लिये अनाक्रमण संधि और हर्जाने पर अड़े ईरान ने यदि छंकाने के लिये हमस हिजबुल्लाह और हूती जैसे संगठनों को छू कर दिया तो इस्रायल के लिये मोर्चा संभालना मुश्किल होगा। इस्रायल के रक्षा मंत्री यूं भी सेना में मानव संसाधनों की कमी का रोना रोते देखे गये हैं।

# एक भारत श्रेष्ठ भारत के तहत नॉर्थ ईस्ट के युवाओं से सीएम धामी का संवाद

**– नॉर्थ ईस्ट सहित सभी छात्रों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता: सीएम धामी**



देहरादून(संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से आज मुख्यमंत्री आवास में "एक भारत श्रेष्ठ भारत" अभियान के अंतर्गत उत्तर-पूर्वी राज्यों के युवाओं ने संवाद किया। ये युवा देहरादून से उत्तरकाशी की यात्रा पर तीन दिवसीय राज्य भ्रमण कार्यक्रम के तहत आए हुए हैं। इस दौरान विभिन्न उत्तर-पूर्वी राज्यों के छात्रों ने मुख्यमंत्री से कई महत्वपूर्ण विषयों पर प्रश्न पूछे, जिनका मुख्यमंत्री ने विस्तारपूर्वक आत्मीयता के साथ उत्तर दिया।त्रिपुरा की एक छात्रा द्वारा छात्रों की सुविधा और सुरक्षा के संबंध में पूछे गए प्रश्न के उत्तर में मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड में देश-विदेश से छात्र शिक्षा ग्रहण करने आते हैं और उनकी सुविधा और सुरक्षा राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

अरुणाचल प्रदेश के एक छात्र द्वारा उत्तराखंड और उत्तर-पूर्वी राज्यों के बीच सांस्कृतिक आदान-प्रदान पर पूछे गए प्रश्न के उत्तर में मुख्यमंत्री ने कहा कि दोनों क्षेत्रों की भौगोलिक एवं सांस्कृतिक परिस्थितियाँ काफी हद तक समान हैं, जिससे "एक भारत श्रेष्ठ भारत" की भावना को और मजबूती मिलती है।उत्तराखंड में महिलाओं की भूमिका पर पूछे गए प्रश्न के उत्तर में मुख्यमंत्री ने बताया कि राज्य में 2 लाख 65 हजार से अधिक महिलाएं 'लखपति दीदी' बन चुकी हैं तथा महिला सशक्तिकरण के लिए राज्य सरकार ने 19 हजार करोड़ रुपये का जेंडर बजट निर्धारित किया है।मुख्यमंत्री पुष्कर संह धामी ने उत्तर-पूर्वी राज्यों से आए सभी छात्र-छात्राओं का देवभूमि उत्तराखंड में स्वागत करते हुए कहा कि देश के "अष्टलक्ष्मी" कहे जाने वाले उत्तर-पूर्वी राज्यों एवं लद्दाख जैसे हिमालयी क्षेत्रों से आए युवाओं के बीच उपस्थित होकर उन्हें अत्यंत हर्ष की अनुभूति हो रही है। उन्होंने कहा कि ये सभी युवा अपने-अपने राज्यों की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और विशिष्ट पहचान के साथ उत्तराखंड को और अधिक समृद्ध बनाने आए हैं।मुख्यमंत्री ने कहा कि विभिन्न वेशभूषा, भाषाएं, परंपराएं और जीवनशैली भारत की "विविधता में एकता" की भावना को साकार करती हैं और यह हम सभी के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने उत्तर-पूर्वी राज्यों की प्राकृतिक सुंदरता का उल्लेख करते हुए कहा कि अरुणाचल प्रदेश की बर्फीली चोटियाँ, असम के चाय बागान, मणिपुर की लोकतक झील, मेघालय के पर्वत, मिजोरम की वादियां, नागालैंड की परंपराएं, सिक्किम की कंचनजंगा, त्रिपुरा की विरासत और लद्दाख की हिमालयी सुंदरता भारत की विविधता को विशेष पहचान देती हैं।मुख्यमंत्री ने कहा कि "एक भारत, श्रेष्ठ भारत" के तहत ये युवा वास्तव में देश के सच्चे ब्रांड एंबेसडर हैं, जो विभिन्न संस्कृतियों और परंपराओं को जोड़ने का कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड और उत्तर-पूर्वी राज्य प्राकृतिक संपदाओं से समृद्ध हैं और दोनों क्षेत्रों में पहाड़, नदियां, जंगल और जनजातीय जीवनशैली का अद्भुत संगम देखने को मिलता है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड की तरह ही उत्तर-पूर्वी राज्यों में भी लोक संस्कृति पूरी जीवंतता के साथ संरक्षित है। उत्तराखंड के पारंपरिक मेले-त्योहारों की तरह उत्तर-पूर्व में मनाए जाने वाले बिहू, शाद सुक माइनसिएम, चेरी ब्लॉसम फेस्टिवल और नोंगक्रेम जैसे त्योहार सांस्कृतिक समृद्धि के प्रतीक हैं।मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में उत्तर-पूर्वी राज्य आज विकास के नए आयाम स्थापित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि बीते वर्षों में नॉर्थ ईस्ट में इंफ्रास्ट्रक्चर, कनेक्टिविटी, व्यापार, पर्यटन और डिजिटल सशक्तिकरण के क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य हुए हैं। उन्होंने बताया कि पिछले 11 वर्षों में 800 से अधिक बार केंद्रीय नेतृत्व द्वारा नॉर्थ ईस्ट का दौरा किया गया है और "लुक ईस्ट " नीति को "एक्ट ईस्ट " में परिवर्तित कर क्षेत्र को विकास की मुख्यधारा में लाया गया है।

मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि पूर्वोत्तर में हजारों किलोमीटर हाईवे, रेलवे लाइन, एयरपोर्ट्स, गैस ग्रिड, ऑप्टिकल फाइबर नेटवर्क तथा मेगा परियोजनाओं का विकास किया गया है। भारत-म्यांमार-थाईलैंड ट्राई-लेटरल हाईवे, मल्टी-मॉडल लॉजिस्टिक्स हब और अंतरराष्ट्रीय व्यापार को बढ़ावा देने वाली परियोजनाएं इस दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं।मुख्यमंत्री ने कहा कि युवाओं को राष्ट्र निर्माण की शक्ति मानते हुए केंद्र सरकार द्वारा स्टार्टअप इंडिया, स्किल इंडिया, डिजिटल इंडिया, मेक इन इंडिया और नई शिक्षा नीति जैसी योजनाओं के माध्यम से अवसर प्रदान किए जा रहे हैं। नॉर्थ ईस्ट में शिक्षा और कौशल विकास के क्षेत्र में बड़े पैमाने पर निवेश किया गया है, जिसमें नए विद्यालय, मेडिकल कॉलेज, संस्थान और खेल अवसंरचना शामिल हैं।मुख्यमंत्री ने युवाओं से आह्वान किया कि वे अपनी शिक्षा और कौशल के बाद अपने क्षेत्रों में लौटकर विकास में योगदान दें और विभिन्न क्षेत्रों में नवाचार कर देश को आगे बढ़ाएं।

## धामी सरकार की बड़ी उपलब्धि: ऋषिकेश बाईपास 4-लेन के लिए 1105 करोड़ की मंजूरी

देहरादून(संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निरंतर प्रयासों और प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप ऋषिकेश बाईपास के 4-लेन निर्माण कार्य को भारत सरकार के सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय से बड़ी स्वीकृति प्राप्त हुई है। मंत्रालय द्वारा इस महत्वपूर्ण परियोजना के लिए घ्1105.79 करोड़ की तकनीकी, प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति जारी की गई है। यह बहुप्रतीक्षित परियोजना राष्ट्रीय राजमार्ग-7 पर टीनपानी फ्लाईओवर (किमी 529.750) से लेकर खरासोटे पुल (किमी 542.420) तक विकसित की जाएगी। लगभग 12.670 किलोमीटर लंबा यह बाईपास भट्टोवाला एवं ढालवाला गांवों से होकर गुजरेगा और इसे म्च्ब् (इंजीनियरिंग, प्रोक्योरमेंट एवं कंस्ट्रक्शन) मोड पर क्रियान्वित किया जाएगा।मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इस स्वीकृति पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि राज्य सरकार प्रदेश में सड़क कनेक्टिविटी को सुदृढ़ बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि ऋषिकेश बाईपास परियोजना के पूर्ण होने से क्षेत्र में यातायात का दबाव कम होगा, जाम की समस्या से राहत मिलेगी और स्थानीय नागरिकों के साथ-साथ चारधाम यात्रा एवं पर्यटन गतिविधियों को भी बड़ी सुविधा प्राप्त होगी।मुख्यमंत्री ने कहा, " यह परियोजना उत्तराखंड के समग्र विकास और बेहतर कनेक्टिविटी की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। हमारी सरकार राज्य के दूरस्थ और शहरी क्षेत्रों को मजबूत सड़क नेटवर्क से जोड़ने के लिए प्रतिबद्ध है।"मंत्रालय के अनुसार, इस परियोजना के लिए प्रारंभिक अनुमान 1151.18 करोड़ था, जिसे संशोधित कर 1139.40 करोड़ किया गया और अंतत: 1105.79 करोड़ की स्वीकृति प्रदान की गई है।परियोजना को तीन वर्षों की समयावधि में पूरा किया जाएगा और कार्य में किसी प्रकार की लागत या समय वृद्धि स्वीकार नहीं की जाएगी। निविदाएं ई-टेंडरिंग प्रक्रिया के माध्यम से आमंत्रित की जाएंगी तथा सभी कार्य निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुरूप किए जाएंगे। इस परियोजना के लिए व्यय वित्त वर्ष 2025-26 में भारत सरकार के बजट प्रावधान (ळठै) के अंतर्गत किया जाएगा। देहरादून स्थित क्षेत्रीय अधिकारी को इस कार्य के लिए ड्रॉइंग एवं डिस्बर्सिंग ऑफिसर (क्क्व्) नामित किया गया है। इस परियोजना के पूर्ण होने से ऋषिकेश क्षेत्र में यातायात व्यवस्था सुगम होगी, जाम की समस्या में कमी आएगी तथा राज्य के आर्थिक और पर्यटन विकास को नई गति मिलेगी।

## आदर्श जनपद" की दिशा में तेजी से आगे बढ़ता चम्पावत

देहरादून(संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने जनपद चम्पावत के समग्र विकास को नई दिशा देते हुए बुनियादी ढांचे, स्वास्थ्य, कृषि, पेयजल, सिंचाई, पर्यटन एवं खेल क्षेत्र से जुड़ी अनेक महत्वपूर्ण घोषणाएं कीं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार चम्पावत को "आदर्श जनपद" के रूप में विकसित करने के संकल्प के साथ निरंतर कार्य कर रही है। इन योजनाओं का उद्देश्य समाज के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुँचाना है।



इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने जनपद चम्पावत के विकास के लिये चम्पावत में प्रशिक्षण हेतु टाइप-3/4 आवासीय परिसर तथा मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय भवन का निर्माण के साथ डिस्ट्रिक्ट अर्ली इंटरवेंशन सेंटर एवं जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र की स्थापना की घोषणा की। उन्होंने 1000 परिवारों को मौन पालन (मधमक्खी पालन) हेतु प्रशिक्षण आदि के लिये घ्2 करोड़ की धनराशि की स्वीकृति प्रदान करते हुए मोनपोखरी से नीड तक 2 किमी सड़क का डामरीकरण एवं सुधारीकरण, अमोड़ी-छतकोट बाईपास में 5 किमी मोटर मार्ग/पुल निर्माण, जनपद में 50 हैंडपंपों की स्थापना, क्षेत्र पंचायत पाल्सो में आंतरिक टाइल्स मार्गों का निर्माण, ग्राम शक्तिपुरबूंगा क्षेत्र के प्रत्येक ग्राम में 10-10 सोलर लाइट की व्यवस्था की घोषणा की।इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने ब्यानधूरा बाबा मंदिर सहित सभी मेला स्थलों का सौंदर्यीकरण, नागनाथ मंदिर के समीप रामलीला मंच का निर्माण एवं विकास, चम्पावत में भवन एवं व्यापारिक परिसर का निर्माण, ढकना-बडोला से सेरोला तक लिंक मार्ग निर्माण, बनलेख से हिंगला देवी मंदिर तक मोटर मार्ग, पूर्वांचल एग्रो संस्कृत विद्यालय का पुनरोत्थान, जल संस्थान कार्यालय हेतु जल भवन का निर्माण, मनेश्वर-चौड़ा राजपुर मार्ग एवं उससे जुड़े मार्गों में इंटरलॉकिंग टाइल्स का कार्य, 20 स्थानों पर सोलर लिफ्ट पेयजल सिंचाई योजनाओं की स्थापना, जंगली जानवरों से फसलों की सुरक्षा एवं कृषकों की आय वृद्धि हेतु घ्5 करोड़ की सामूहिक घेरबाड़ योजना की भी घोषणा की।मुख्यमंत्री ने अमोड़ी-सिप्टी मोटर मार्ग पर दो वैली ब्रिजों के निर्माण, खर्ककार्की क्षेत्र में खेल मैदान का विकास, विकास भवन चम्पावत का कुमाऊनी शैली में पुनरोद्धार तथा ग्राम सभा नघान से डोडेश्वर मंदिर तक सड़क निर्माण की भी घोषणा की।

हिन्दी दैनिक जोखिम

# थत्यूड़ में रसोई गैस सिलिंडर न मिलने से लोगों की परेशानी बढ़ी

नई टिहरी(संवाददाता)। ब्लॉक मुख्यालय थत्यूड़ और आसपास के क्षेत्र में रसोई गैस सिलिंडर न मिलने से लोगों को परेशानियां बढ़ने लगी है। उपभोक्ताओं ने शीघ्र थत्यूड़ में रसोई गैस की आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग उठाई है। स्थानीय निवासी जगत सिंह असवाल, प्रताप सिंह राणा, नरेंद्र असवाल, विजय गौड़, संगीता लेखवार, कपिल लेखवार ने कहा कि थत्यूड़ बाजार के साथ आसपास के खेड़ा, भूयासारी, टिक किन्सू, मोलधार, औतण, क्यारी, ख्यार्सी, तेवा, बंगसील सहित कई गांव के लोग थत्यूड़ में ही रसोई गैस भराने आते है। कह कि एक माह पूर्व थत्यूड़ में रसोई गैस का ट्रक आया था, लेकिन माह से अधिक समय गुजरने वाला है अभी तक थत्यूड़ क्षेत्र में रसोई गैस की आपूर्ति नहीं हो पाई है। जिसके चलते बाजार और ग्रामीण क्षेत्र के लोग परेशान है। कहा कि उपभोक्ताओं को रसोई गैस की केवाईसी के लिए करीब 35 किलोमीटर दूर मसूरी की दौड़ लगानी पड़ रही है, वहां जाकर भी केवाईसी नहीं हो पा रही है। जिसके कारण लोगों का समय और आर्थिक नुकसान झेलना पड़ रहा है। साथ ही केवाईसी न होने की दशा में रसोई गैस की बुकिंग भी नहीं हो पा रही है। बताया थत्यूड़ क्षेत्र में इंडियन और भारत गैस के सबसे अधिक उपभोक्ता हैं, लेकिन समय पर रसोई गैस न मिलने के कारण लोगों की परेशानी बढ़ने लग गई है। उन्होंने प्रशासन से रसोई गैस की केवाईसी के लिए थत्यूड़ में कैंप लगाने की मांग की है। ताकि दूर-दराज क्षेत्र के लोग केवाईसी करवा सके। इस बाबत क्षेत्रीय पूर्ति अधिकारी अंजलि पंवार का कहना कि पूर्व में संबंधित गैस एजेंसियों की ओर केवाईसी के लिए थत्यूड़ में कैंप संचालित किया गया था। उस दौरान कई लोग केवाईसी नहीं करा पाएं हैं। संबंधित गैस एजेंसियों को शीघ्र फिर से थत्यूड़ में केवाईसी कैंप लगाने को कहा जाएगा।

## कर्णप्रयाग विस क्षेत्र की दो सड़कें सुध रेंगी, 155.75 लाख की मिली मंजूरी

चमोली(संवाददाता)। विधानसभा क्षेत्र कर्णप्रयाग और गैरसैंण विकासखंडों में दो सड़कों के सुधारीकरण के लिए 155.75 लाख की मंजूरी मिली है। सड़क सुधरने से दो ग्राम पंचायतों की 1000 से अधिक आबादी को लाभ मिलेगा। कर्णप्रयाग विकासखंड के ढुंग गांव तक आधा किमी सड़क की कटिंग हो चुकी है लेकिन यहां द्वितीय चरण में पुश्ता निर्माण, नालियां और स्कपर निर्माण नहीं हो पाया। इसके लिए लोनिवि को 75.94 लाख की स्वीकृति मिली है। वहीं गैरसैंण विकासखंड के किरसाल ग्राम पंचायत के चार से अधिक तोकों को जोड़ने के लिए करीब तीन किमी सड़क बनी है लेकिन यह सड़क करीब दो किमी बदहाल और एक किमी कच्ची है। ऐसे में यहां लोग जान जोखिम में डालकर आवाजाही के लिए मजबूर हैं। अब इस सड़क पर दो किमी तक डामरीकरण के लिए 31.42 लाख और एक किमी तक सोलिंग सहित डामरीकरण के कार्य के लिए 48.39 लाख की स्वीकृति मिली है। गैरसैंण ब्लॉक के भलसों गांव की जिपंस विशंभरी देवी एवं सामाजिक कार्यकर्ता देवेंद्र सिंह नेगी ने बताया कि सड़क के सुधारीकरण से एक हजार से अधिक आबादी को लाभ मिलेगा। वहीं लोनिवि के ईई सुनील कुमार ने बताया कि दोनों सड़कों पर जल्द सुधारीकरण कार्य शुरू कर दिया जाएगा।

### सड़क सुविधा से नहीं जुड़ पाया हरिनगर लेटाल गांव

चमोली(संवाददाता)। विकासखंड के अनुसूचित बहुल गांव हरिनगर लेटाल गांव आज तक सड़क सुविधा से नहीं जुड़ पाया है। स्थिति यह है कि बीमार, गर्भवती को अस्पताल पहुंचाने के लिए डंडी-कंडी का सहारा रहता है। हरिनगर लेटाल में 80 से अधिक परिवार रहते हैं। यहां की जनसंख्या 500 से अधिक है लेकिन दशकों बाद भी इस गांव तक न तो लोक निर्माण विभाग और न पीएमजीएसवाई ने सड़क बनाने की पहल की। ग्रामीण सड़क की मांग को लेकर कई वर्षों से आंदोलन कर रहे हैं। कई बार तहसील और ब्लॉक के साथ ही लोनिवि कार्यालय में भी प्रदर्शन कर चुके हैं।

### बिजली बिल जमा न करने पर 60 उपभोक्ताओं के कनेक्शन काटे

रुद्रप्रयाग(संवाददाता)। वित्तीय वर्ष समाप्त होते ही ऊर्जा निगम ने बकायेदारों पर सख्ती बरतनी शुरू कर दी है। बिल जमा न करने पर मंगलवार तक निगम ने 10 व्यावसायिक व 50 घरेलू उपभोक्ताओं के कनेक्शन काटे। जनपद में करीब 60 हजार उपभोक्ता हैं और इन पर 30 लाख रुपये का राजस्व शुल्क बकाया है। सरकारी विभाग के कार्यालयों में राष्ट्रीय राजमार्ग अगस्त्यमुनि पर 2.5 लाख, गढ़वाल मंडल विकास निगम ऊखीमठ व स्यालसौड़ पर एक लाख, जल निगम बड़ासू पर 1.80 लाख रुपये राजस्व शुल्क की देनदारी है।

## मलेथा और नैथाणा के प्रभावितों का भूमि मुआवजे का जल्द निस्तारण किया जाए

नई टिहरी(संवाददाता)। ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल लाइन और जीवीके बांध परियोजना से देवप्रयाग विधानसभा क्षेत्र में उपजी समस्याओं के निराकरण को लेकर डीएम नितिका खंडेलवाल की अध्यक्षता और देवप्रयाग विधायक विनोद कंडारी की देखरेख में बैठक संपन्न हुई। उन्होंने रेलवे अधिकारियों को मलेथा और नैथाणा ग्रामीणों के भूमि मुआवजे प्रकरणों के जल्द निस्तारण के निर्देश दिए। जिला सभागार में संपन्न हुई बैठक में विधायक कंडारी ने नैथाणा में 2६ 40 करोड़ से खेल मैदान का निर्माण करने के साथ मलेथा रेलवे स्टेशन का नाम वीर शिरोमणि माधो सिंह भंडारी के नाम पर रखने के साथ उनकी मूर्ति लगाने तथा उनका परिचय को प्रदर्शित करने के निर्देश दिए। विधायक ने रेलवे परियोजना के अधिकारियों से रानीहाट, देवली और घिल्डियाल गांव सड़क पर सोलर लाइटें लगाने को कहा। डीएम ने ग्रामीणों की भूमि मुआवजा संबंधी प्रकरणों के निस्तारण हेतु एसडीएम कीर्तिनगर को शीघ्र कमेटी गठित कर पुन: पारदर्शिता के साथ सत्यापित करते हुए रिपोर्ट उपलब्ध कराने को कहा। अधिकारियों ने बताया नैथाणा सड़क के लिए धनराशि मिलने के उपरांत आरडब्ल्यूडी घनसाली को कार्यदायी संस्था बनाया गया। विधायक ने परियोजना क्षेत्र में पथ प्रकाश, पानी का छिड़काव, नैथाणा के अंतर्गत पुलों का निर्माण और वाई जंक्शन के निर्माण पर अधिकारियों से चर्चा की।

# डॉ. कपिल पंवार को आईआईटी कानपुर ने किया सम्मानित

श्रीनगर गढ़वाल(संवाददाता)। गढ़वाल विश्वविद्यालय के बिड़ला परिसर स्थित हिंदी विभाग के सहायक आचार्य डॉ. कपिल देव पंवार को शैक्षणिक क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए आईआईटी कानपुर की ओर से प्रशंसापत्र प्रदान किया गया है। उन्हें भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान कानपुर द्वारा तैयार भारत सरकार के साथी पहल के अंतर्गत यह सम्मान सीयूईटी पीजी प्रवेश परीक्षा के डिजिटल सामग्री तैयार करने के लिए दिया गया है। डॉ. कपिल ने हिंदी विषय के लगभग 19 घंटे के व्याख्यान रिकॉर्ड किए जो वीडियो लेक्चर और अध्ययन सामग्री भारत सरकार के साथी पोर्टल पर उपलब्ध है। उनके इस योगदान से देशभर के विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में महत्वपूर्ण सहयोग प्राप्त होगा। डॉ. कपिल ने बताया कि भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय द्वारा यह पहल विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण एवं सुलभ अध्ययन संसाधन उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है।

## फिल्म से नशे से दूर रहने के लिए किया जागरूक

चमोली(संवाददाता)। राजकीय प्राथमिक विद्यालय कठूड़ में कक्षा पांच के बच्चों का मंगलवार को विदाई समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान विद्यालय में प्रोजेक्टर के माध्यम से नशे से दूर रहने के लिए जहर की राह फिल्म दिखाई गई। इसके बाद विद्यार्थियों को नशे के दुष्परिणाम और अभिभावकों से बच्चों पर नियमित निगरानी रखने की अपील की गई। इस दौरान नेहा ट्रस्ट फाउंडेशन के निदेशक सुनील पुंडीर, गंगा सिंह, बीपी मैठाणी, प्रीति पुरोहित आदि मौजूद रहे।

## वाहन चालकों ने बताई समस्याएं

चमोली(संवाददाता)। पुलिस की ओर से मंगलवार को थाना दिवस का आयोजन किया गया। चौकी में आयोजित कार्यक्रम में व्यापारी, टैक्सी संचालक सहित अन्य लोग शामिल हुए। इस मौके पर चालकों ने यातायात से जुड़ीं समस्याएं बताईं। चालकों ने सब्जी वाले ट्रकों में कई सवारियां ढोने, कई वाहन चालकों की ओर से वाहन चलाने के दौरान मोबाइल का प्रयोग करने आदि की शिकायत की। थानाध्यक्ष राकेश भट्ट ने आगामी शुरू होने वाली चारधाम यात्रा को लेकर दिशा निर्देश दिए। उन्होंने वाहन चालकों से यातायात के नियमों का पालन कर वाहन चलाने को कहा।

## नि:शुल्क कार चलाने का मिलेगा प्रशिक्षण

चमोली(संवाददाता)। एसबीआई आरएसईटीआई (ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान) की ओर से एक माह का नि:शुल्क कार प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण में 25 सीटें निर्धारित की गई हैं। प्रशिक्षण के दौरान रहने और खाने की व्यवस्था भी रहेगी। एसबीआई आएसईटीआई की ओर से समय-समय पर लोगों को विभिन्न तरह के प्रशिक्षण दिए जाते हैं जिससे लोग पहाड़ों में खुद का स्वरोजगार कर अच्छी आमदनी कर सकें। ब आरएसईटीआई की ओर से युवाओं को एक माह का कार प्रशिक्षण दिया जाएगा जिसके लिए जनपद से आवेदन मांगे हैं। एसबीआई आरएसईटीआई के कोऑर्डिनेटर देवेंद्र रावत ने बताया कि कार चालक के रूप में स्वरोजगार कर अच्छी आमदनी अर्जित की जा सकती है।

## जलसंस्थान और पेयजल निगम के इंजीनियर भी हड़ताल में होंगे शामिल

चमोली(संवाददाता)। डिप्लोमा इंजीनियर्स की हड़ताल के नौ दिन बाद भी मांगों पर कार्रवाई और सुनवाई नहीं होने पर इंजीनियरों ने नाराजगी जताई। ऐसे में अब आवश्यक सेवाओं में पेयजल निगम और जलसंस्थान के इंजीनियर भी एक अप्रैल से हड़ताल में शामिल होंगे। कनिष्ठ अभियंताओं की वेतन विसंगति, न्यूनतम तीन पदोन्नति सहित 27 मांगों पर कार्रवाई करने की मांग को लेकर डिप्लोमा इंजीनियर्स संघ हड़ताल पर हैं। इंजीनियर संघ ने गैरसैंण में विधायक अनिल नौटियाल को ज्ञापन देकर मांगों पर कार्रवाई करने की मांग की। साथ ही कहा यदि मांगों पर सकारात्मक कार्रवाई नहीं की गई तो उग्र आंदोलन किया जाएगा। ज्ञापन देने वालों में सुशील नेगी, रश्मि खत्री, दरबान सिंह, दीपक नेगी शामिल थे। वहीं कर्णप्रयाग लोनिवि विश्राम गृह में इंजीनियरों का धरना नवें दिन भी जारी रहा। धरना देने वालों में शाखा अध्यक्ष विपिन नौटियाल, विपिन, दिव्या, मिनाक्षी, शुभम डोभाल, सुभाष आदि रहे।

## शराब की लत से एक्यूट पैंक्रियाटाइटिस के बढ़े रोगी

चमोली(संवाददाता)। शराब की लत लोगों की सेहत खराब कर रही है। इन दिनों शराब के अधिक सेवन से बीमार कई लोग अस्पताल में भर्ती हैं। चिकित्सकों के अनुसार 30 से 40 वर्ष के यह लोग एक्यूट पैंक्रियाटाइटिस से ग्रसित हैं। करीब 8 से 10 लोग इस बीमारी से अस्पताल में भर्ती हैं। उपजिला अस्पताल के वरिष्ठ फिजीशियन डॉ. सतेंद्र कंडारी का कहना है कि ओवर डोज या शराब के आदी होने के कारण इन लोगों में एक्यूट पैंक्रियाटाइटिस की शिकायत है। हालांकि दवा और उपचार के बाद इसमें सुधार हो रहा है। उन्होंने कहा किएक्यूट पैंक्रियाटाइटिस अग्नाशय की अचानक होने वाली सूजन है जो हल्की या जानलेवा हो सकती है। शराब का अधिक सेवन एक्यूट पैंक्रियाटाइटिस का मुख्य कारण है।

### सिविल जज ने जीआईसी पौड़ी में किया एंटी ड्रग यूनिट का गठन

पौड़ी(संवाददाता)। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (डीएलएसए) की पहल पर जीआईसी पौड़ी नगर में एंटी ड्रग यूनिट का गठन किया गया। न्यायिक सेवा के अधिकारियों ने छात्र-छात्राओं को नशा एवं नशे के दुष्प्रभावों की जानकारियां दीं। विद्यालय के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में सिविल जज/सचिव डीएलएसए नाजिश कलीम ने यूनिट के उद्देश्य, कार्यप्रणाली व क्रियान्वयन की विस्तार से जानकारी दीं। कहा कि यूनिट का मुख्य उद्देश्य युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों से बचाना और समाज में जागरूकता लाना है। बताया कि यूनिट विद्यालय स्तर पर एक सक्रिय जागरूकता व निगरानी समूह के रूप में कार्य करेगी। यूनिट की ओर से समय-समय पर जागरूकता रैलियां, गोष्ठियां, निबंध एवं पोस्टर प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। उन्होंने छात्रों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया। साथ ही नालसा की थीम एक मुट्ठी आसमान और तुम गिरना मत विषय पर शॉर्ट वीडियो के माध्यम से कार्यक्रम के बारे में बताया।

हिन्दी दैनिक जोखिम

# मुख्यमंत्री ने किया निर्माणाधीन अत्याधुनिक साइंस सेंटर का निरीक्षण

देहरादून(संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को जनपद चम्पावत के भ्रमण के दौरान लगभग 55.52 करोड़ की लागत से निर्माणाधीन अत्याधुनिक साइंस सेंटर का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण कार्यों की गुणवत्ता, प्रगति एवं समयबद्धता का बारीकी से अवलोकन करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने प्रस्तावित वैज्ञानिक गैलरियों एवं चार मंजिला साइंस कैंपस सुविधा का अवलोकन किया। इस कैंपस में 40 विद्यार्थियों के लिए छात्रावास, स्टाफ क्वार्टर तथा अन्य आवश्यक सुविधाएं विकसित की जा रही हैं, जिससे यह केंद्र विद्यार्थियों के लिए आवासीय वैज्ञानिक शिक्षण का भी महत्वपूर्ण स्थल बनेगा।इस अवसर पर यूकॉस्ट के महानिदेशक डॉ. दुर्गेश पंत ने अवगत कराया कि दो मंजिला साइंस गैलरी ब्लॉक में "फन साइंस गैलरी", प्रदर्शनी कक्ष, विज्ञान एवं कृषि गैलरी, प्रशिक्षण हॉल तथा अत्याधुनिक एस्ट्रोनॉमी गैलरी विकसित की जा रही है। इसके अतिरिक्त परिसर में 120 क्षमता वाला ऑडिटोरियम, 71 सीटों वाला आधुनिक प्लैनेटेरियम (तारामंडल) ख्र जिसमें इनर एवं आउटर डोम की सुविधा होगी ख्र तथा स्टाफ के लिए कॉन्फ्रेंस एवं डेवलपमेंट हॉल जैसी विश्वस्तरीय व्यवस्थाएं भी स्थापित



की जा रही हैं।निरीक्षण के उपरांत मुख्यमंत्री ने विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं द्वारा तैयार किए गए विज्ञान मॉडलों का अवलोकन किया तथा नन्हे वैज्ञानिकों से संवाद कर उनका उत्साहवर्धन किया।मुख्यमंत्री ने कहा कि यह साइंस सेंटर भविष्य में प्रदेश के विद्यार्थियों के लिए शिक्षा, अनुसंधान एवं नवाचार का प्रमुख केंद्र बनेगा। उन्होंने कहा कि विज्ञान के बिना विकास की परिकल्पना अधूरी है और इस केंद्र के माध्यम से दूरस्थ क्षेत्रों के बच्चों को भी आधुनिक वैज्ञानिक तकनीकों एवं खगोल विज्ञान को समझने का अवसर प्राप्त होगा। राज्य सरकार का उद्देश्य युवाओं में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित कर उन्हें भविष्य की चुनौतियों के लिए सक्षम बनाना है।मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कार्यदायी संस्था को निर्देशित किया कि निर्माण कार्य को निर्धारित समयसीमा में उच्च गुणवत्ता के साथ पूर्ण किया जाए। साथ ही उन्होंने निर्माण के दौरान पर्यावरणीय मानकों एवं श्रमिकों की सुरक्षा का विशेष ध्यान रखने पर भी बल दिया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष आनंद सिंह अधिकारी, दर्जा राज्य मंत्री श्याम नारायण पांडे, अपर जिलाधिकारी कृष्णनाथ गोस्वामी सहित विभिन्न जनप्रतिनिधि, अधिकारी, विभिन्न विद्यालयों के छात्र छात्राएं एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## रोजगार मेले से पॉलीटेक्निक छात्रों के करियर को लगेंगे पंख

देहरादून(संवाददाता)। उत्तराखंड में तकनीकी शिक्षा विभाग द्वारा पॉलीटेक्निक छात्र-छात्राओं के लिये रोजगार के अवसर बढ़ाने हेतु बड़े स्तर पर रोजगार मेलों का आयोजन किया जा रहा है। विभागीय मंत्री डॉ. धन सिंह रावत के निर्देशों पर गढ़वाल और कुमाऊं मंडल में पृथक-पृथक मेले आयोजित होंगे। गढ़वाल मंडल के अंतर्गत 2 अप्रैल को राजकीय पॉलीटेक्निक संस्थान पित्थुवाला, देहरादून में मेगा कैम्पस प्लेसमेंट कैम्प होगा। इसमें गढ़वाल क्षेत्र के 39 राजकीय एवं सहायता प्राप्त पॉलीटेक्निक कॉलेजों के अंतिम वर्ष के लगभग 1200 छात्र-छात्राएं भाग लेंगे।

## मुख्य सचिव ने ली सचिवालय में लॉ एंड ऑर्डर को लेकर बैठक

**- रोड रेज और हुड़दंग की घटनाओं पर की गहरी नाराजगी व्यक्त**

देहरादून(संवाददाता)। मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन ने मंगलवार को सचिवालय में शहर में लॉ एंड ऑर्डर को लेकर गृह और पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक ली। मुख्य सचिव ने रोड रेज और हुड़दंग की घटनाओं के बढ़ने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए ऐसी घटनाओं रोकने के लिए निगरानी बढ़ाए जाने और हुड़दंगियों पर कठोर कार्रवाई किए जाने के निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने कहा कि देहरादून शहर और उसके आसपास के क्षेत्रों में पुलिस की गस्त बढ़ाए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि एसएसपी देहरादून को अपने सभी थानेदारों को पीक ऑवर में गस्त बढ़ाए जाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने



कहा कि डे - नाईट पेट्रोलिंग के साथ ही मॉर्निंग पेट्रोलिंग को भी बढ़ाया जाए।मुख्य सचिव ने बार और रेस्टोरेंट क्लोजिंग के लिए निर्धारित समय को कठोरता से लागू किया जाए। उन्होंने कहा कि सप्ताहांत में देहरादून को पार्टी और हुड़दंगियों को अड्डा ना बनने दिया जाए, इसके लिए हुड़दंगियों पर कठोर कार्रवाई किए जाने के साथ ही बार संचालकों को भी इसके लिए जागरूक करते हुए समय पर बार बंद कराये जाने को एनफोर्स कराया जाए। मुख्य सचिव ने बार संचालन के नियमों का पालन ना करने वाले बार और अवैध बार संचालकों पर भी कठोर कार्रवाई किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अपनी ड्यूटी को मुस्तेदी से ना करने वाले लापरवाह अधिकारियों पर भी कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि शहर के आसपास के क्षेत्रों में खुले होम स्टे पर भी निगरानी किए जाने की आवश्यकता है।

## संक्षिप्त समाचार...

### मंत्री गणेश जोशी ने शौर्य सैनिक सम्मान समारोह की तैयारियों को लेकर की बैठक

देहरादून(संवाददाता)। कृषि एवं सैनिक कल्याण मंत्री ने 09 अप्रैल को खटीमा में प्रस्तावित सीएसडी कैंटीन के लोकार्पण अवसर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम की तैयारियों के सम्बंध में वर्चुअल बैठक को सम्बोधित किया। विदित हो कि पूर्व सैनिक सुबेदार स्वर्गीय शेर सिंह धामी की स्मृति में 09 अप्रैल को शौर्य सैनिक सम्मान समारोह आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य गलेन्ट्री अवार्डी सैनिकों, दिव्यांग सैनिकों एवं वीर नारियों को सम्मानित करना है। कार्यक्रम में पाँच हजार से अधिक पूर्व सैनिक, शहीद आश्रितों एवं उनके परिजनों द्वारा प्रतिभाग किया जायेगा। बैठक में कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत, जिलाधिकारी ऊधमसिंहनगर नितिन भदौरिया, जिलाधिकारी नैनीताल ललित मोहन रयाल, जिलाधिकारी चम्पावत मनीष कुमार, निदेशक सैनिक कल्याण श्याम सिंह सहित सैनिक कल्याण विभाग के अधिकारीगण, पूर्व सैनिक संगठन के प्रतिनिधिगण तथा आयोजन समिति के अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### 25 बालिकाओं को ब्यूटीशियन का प्रमाण पत्र बांटा

ऋषिकेश(संवाददाता)। रागम ब्यूटी स्टूडियो में सात दिवसीय नि:शुल्क ब्यूटीशियन प्रशिक्षण शिविर का आयोजन हुआ, जिसमें 25 युवतियों को स्वरोजगार के लिए ब्यूटीशियन का प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान रोटरी क्लब डिवाइन की अध्यक्षा शुभांगी रैना और चिकित्सक डॉ. ऋतु प्रसाद ने सात दिवसीय ब्यूटीशियन प्रशिक्षण शिविर में प्रतिभाग करने वाली 25 बालिकाओं को प्रमाण पत्र वितरित किए। उन्होंने सभी को सेनेटरी पैड भी बांटे। उन्हें भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार रहने के लिए प्रेरित किया।

## यूकेडी ने विधानसभा चुनाव को लेकर बनाई रणनीति

चम्पावत(संवाददाता)। यूकेडी कार्यकर्ताओं ने विधानसभा स्तर की मासिक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें पाटी, लोहाघाट और बाराकोट से कई लोगों ने यूकेडी की सदस्यता ली। यूकेडी जिला प्रभारी अध्यक्ष और केंद्रीय सलाहकार समिति के सदस्य प्रहलाद सिंह मेहता की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया। जिसमें कार्यकर्ताओं ने सर्वसम्मति से संकल्प लिया कि वह गांव-गांव तक यूकेडी की रीति-नीति और मुद्दों को पहुंचाएंगे। बैठक में 25 वर्षों में उत्तराखंड राज्य में फैले भ्रष्टाचार, पेपर लीक, खनन माफिया और शराब तस्करों के विरुद्ध सख्त रुख अपनाते हुए पार्टी ने आगामी चुनावों में मजबूती से लड़ने की रणनीति तैयार की। इस दौरान पूर्व ब्लाक प्रमुख उषा देवी को मडलक क्षेत्र का महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष बनाया गया। साथ ही 20 नए सदस्यों ने उत्तराखंड क्रांति दल की सदस्यता ग्रहण की। संचालन जिला महामंत्री रमेश बिष्ट ने किया। इस मौके पर विधान सभा लोहाघाट अध्यक्ष दरबान सिंह रजवार, पूरन सिंह रावत, हरीश भंडारी, लक्ष्मण सिंह भंडारी, नीरज बिनवाल मौजूद रहे।

## परिश्रम की चमक से रोशन भविष्य : एसडीएम कांडपाल ने मेधावी विद्यार्थियों को किया सम्मानित

बागेश्वर(संवाददाता)। ज्ञान और अनुशासन की गरिमा से परिपूर्ण वातावरण में आयोजित वार्षिक परीक्षाफल वितरण समारोह उस समय प्रेरणा के उत्कर्ष में परिवर्तित हो गया, जब उप जिलाधिकारी वैभव कांडपाल ने विद्यार्थियों को सफलता का मूलमंत्र देते हुए कहा कि "कड़ी मेहनत ही वह अमोघ साधन है, जिससे हर लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है।" खोलिया विवेकानंद इंटर कॉलेज, गरुड़ में आयोजित इस कार्यक्रम में उन्होंने मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।अपने ओजस्वी उद्बोधन में कांडपाल ने विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारण और समय प्रबंधन की महत्ता समझाते हुए कहा कि संघर्ष और समर्पण से अर्जित सफलता ही जीवन में स्थायी ऊँचाइयाँ प्रदान करती है। उन्होंने अपने छात्र जीवन के प्रेरणादायक संस्मरण साझा करते हुए बच्चों को यह संदेश दिया कि निरंतर प्रयास ही उत्कृष्टता की कुंजी है। इस अवसर पर उन्होंने विद्यालय की विज्ञान प्रयोगशाला, कंप्यूटर लैब एवं पुस्तकालय का निरीक्षण कर शैक्षिक व्यवस्थाओं की सराहना भी की।समारोह में जूनियर वर्ग की टॉपर प्रतीक्षा जोशी और सीनियर वर्ग की टॉपर प्रियाशी रावत सहित विभिन्न कक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। साथ ही शत-प्रतिशत परीक्षाफल सुनिश्चित करने हेतु आचार्य सुरेश चंद्र जोशी को भी विशेष रूप से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रधानाचार्य कैलाश चंद्र जोशी ने अनुशासन को सफलता का आधार बताते हुए कहा कि यह गुण ही व्यक्ति को महानता के शिखर तक पहुँचाता है। कार्यक्रम का संचालन चंद्रशेखर बड़सीला ने कुशलतापूर्वक किया।

हिन्दी
दैनिक
जोखिम

## आयुक्त/सचिव मुख्यमंत्री दीपक रावत ने एक दिवसीय करियर काउंसलिंग एक्सपो कार्यशाला का दीप प्रज्वलित कर किया शुभारम्भ

हल्द्वानी (संवाददाता)। /महिला डिग्री कॉलेज में आयुक्त/सचिव मुख्यमंत्री दीपक रावत ने एक दिवसीय करियर काउंसलिंग एक्सपो कार्यशाला का दीप प्रज्वलित कर किया शुभारम्भ। इस अवसर पर आयुक्त ने करियर के सम्बन्ध में छात्राओं को दिये टिप्स। करियर काउन्सलिंग एक्सपो में, आयुक्त ने छात्राओं को प्रेरित करते हुए कहा कि यदि उनमें सीखने की तीव्र इच्छा और जिज्ञासा हो, तो वे भविष्य में कुछ भी हासिल कर सकते हैं।आयुक्त ने कहा कि करियर में वह चुनें जो आपको पसंद हो और सोचें कि आप समाज को क्या बेहतर दे सकते हैं, आत्म-जागरूकता, जुनून और सामाजिक योगदान। उन्होंने कहा कि आपका दृष्टिकोण सुनिश्चित करता है कि करियर केवल आजीविका न होकर, व्यक्तिगत खुशी और समाज के लिए मूल्यवान सेवा का जरिया बने। आयुक्त ने कहा कि इस करियर एस्पो में साइकोलाजी टेस्ट के द्वारा आपकी रुचि, व्यक्तित्व, तर्क क्षमता, और कार्य शैली का मूल्यांकन कर आपके लिए सबसे उपयुक्त करियर विकल्पों की पहचान करते हैं। यह टैस्ट आपकी छिपी हुई क्षमताओं को



उजागर करता है, जिससे आप अपनी स्ट्रेंथ के अनुसार सही फील्ड चुनकर सफल हो सकते हैं। आयुक्त ने सभी बच्चों से उक्त एस्पो लाभ उठाने का अनुरोध किया। कार्यशाला में महिला डिग्री कालेज की प्राचार्य डा0 आभा शर्मा ने कहा कि छात्राओं को रोजगार देने हेतु डिग्री कालेज में प्रथम बार करियर एक्स्पो का आयोजन किया जा रहा है। एक्स्पो के द्वारा छात्राओं को रोजगार देने के साथ ही उन्हें मार्गदर्शन कर उनकी छिपी क्षमताओं के उजागर करना है। उन्होंने कहा एक्स्पो में सरकारी एवं गैर सरकारी विभागों द्वारा 23 स्टॉल लगाये गये है। इस अवसर पर स्वयं सेवी सहायता समूह के बसंती राणा एवं नीमा बिष्ट को सम्मानित किया गया। इनके द्वारा हजारों महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ा गया है साथ ही महिलाओं को प्रशिक्षण उपलब्ध कराते हुए उनकी आर्थिकी को मजबूत किया जा रहा है। कार्यशाला में विभिन्न विभागों के द्वारा अपने विभागीय स्टाल लगाकर छात्राओं को जानकारी दी गई। इस अवसर पर निदेशक उच्च शिक्षा डा0 बीएन खाली,कुलपति मुक्त विश्वविद्यालय डा0 नवीन चन्द लोहनी, प्राचार्य एमबीपीजी कालेज डा0 बीएन बनकोटी, प्रो रश्मि पंत के साथ ही महिला डिग्री कालेज की छात्रायें एवं स्टाफ उपस्थित थे।

## नगर निगम हल्द्वानी-काठगोदाम की बोर्ड बैठक संपन्न हुई

हल्द्वानी (संवाददाता)। / मेयर गजराज बिष्ट की अध्यक्षता में नगर निगम हल्द्वानी-काठगोदाम की बोर्ड बैठक संपन्न हुई। बैठक में कुल 20 महत्वपूर्ण प्रस्ताव प्रस्तुत किए गए, जिन्हें सर्वसम्मति (ध्वनिमत) से पारित किया गया।

बैठक के दौरान पार्षदों द्वारा यह मुद्दा उठाया गया कि कुछ पर्यावरण मित्रों द्वारा सफाई के नाम पर अवैध रूप से धनराशि वसूली की जा रही है तथा बैनी सेना के अतिरिक्त अन्य माध्यमों से भी यूजर चार्ज लिया जा रहा है, जिससे आम जनता को असुविधा हो रही है। इस पर माननीय महापौर द्वारा



स्पष्ट अपील की गई कि नागरिक किसी भी प्रकार का यूजर चार्ज नगर निगम, पर्यावरण मित्र या अन्य कर्मचारियों को न दें, बल्कि केवल अधिकृत बैनी सेना को ही भुगतान करें और उसकी विधिवत रसीद अवश्य प्राप्त करें। महापौर ने निगम प्रशासन को निर्देशित किया कि यदि कोई भी कार्मिक अवैध वसूली करते हुए पाया जाता है, तो उसके विरुद्ध कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। साथ ही, पार्षदों द्वारा यह भी अवगत कराया गया कि कुछ पर्यावरण मित्र बायोमेट्रिक उपस्थिति दर्ज कराने के पश्चात कार्यस्थल से अनुपस्थित हो जाते हैं। इस पर बोर्ड द्वारा निर्णय लिया गया कि प्रत्येक माह संबंधित क्षेत्र के पार्षद द्वारा उपस्थिति प्रमाणित किए जाने के उपरांत ही कर्मचारियों का वेतन आहरित किया जाएगा। जिन कर्मचारियों की उपस्थिति पार्षद द्वारा प्रमाणित नहीं की जाएगी, उनका वेतन आहरण नहीं किया जाएगा।

### नाबार्ड के सहयोग से एंब्रॉयडरी एप्लिक वर्क एलईडीपी प्रशिक्षण का शुभारंभ, 90 महिलाएं बनेंगी आत्मनिर्भर

रामनगर (संवाददाता)। नेशनल बैंक फॉर एग्रीकल्चर एंड रूरल डेवलपमेंट (नाबार्ड) के सहयोग से महिला एवं पिछड़ा वर्ग सहकारी समिति द्वारा एलईडीपी के अंतर्गत एंब्रॉयडरी एप्लिक वर्क प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ खताड़ी, रामनगर में 31 मार्च 2026 को किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य क्षेत्र की महिलाओं को कौशल विकास के माध्यम से आत्मनिर्भर



बनाना और उन्हें स्वरोजगार से जोड़ना है।कार्यक्रम के अंतर्गत स्वयं सहायता समूह (ैभ्ळ) की लगभग 90 महिलाओं को प्रशिक्षण देकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने और स्वरोजगार से जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है। प्रशिक्षण के दौरान महिलाओं को एंब्रॉयडरी एप्लिक वर्क की बारीकियों, डिजाइन और उत्पाद तैयार करने का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिससे वे भविष्य में अपने हुनर के माध्यम से आय अर्जित कर सकें।कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि दीवान सिंह बिष्ट,विधायक रामनगर द्वारा किया गया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि नाबार्ड द्वारा संचालित ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम ग्रामीण महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं और इससे महिलाएं आत्मनिर्भर बनकर समाज में नई पहचान बना रही हैं।इस अवसर पर एलडीएम नैनीताल, नाबार्ड के प्रतिनिधि, समिति के पदाधिकारी तथा स्थानीय गणमान्य लोग भी उपस्थित रहे। अतिथियों ने महिलाओं को प्रशिक्षण का पूरा लाभ उठाकर स्वरोजगार की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।कार्यक्रम का संचालन पूर्व सभासद भुवन सिंह डंगवाल द्वारा किया गया। कार्यक्रम मे विशेष उपस्थिति स्वयत्त समूह की महिलाओ की रहीं जिसमे अध्यक्ष पर्मिला जोशी, सचिव प्रेमा अरोड़ा, सदस्य तारा कांडपाल,कंचन बिष्ट,हेमा रावत,अनीता रावत,पुष्पा ध्यानी, हेमा पाण्डेय आदि मौजूद रहे।

## भूमाफियाओं की बढ़ती नजरों के बीच प्रशासन ने सख्त तेवर

धारी/नैनीताल (संवाददाता)। पहाड़ों की संवेदनशील भूमि पर भूमाफियाओं की बढ़ती नजरों के बीच प्रशासन ने सख्त तेवर दिखाते हुए बड़ा एक्शन लिया है। ग्राम मनाघेर वन पंचायत सुंदरखाल में बिल्डरों द्वारा वन पंचायत की जमीन पर किए जा रहे अवैध अतिक्रमण पर प्रशासन और वन विभाग की संयुक्त टीम ने कार्रवाई करते हुए पूरे मामले का भंडाफोड़ कर दिया।उपजिलाधिकारी धारी अंशुल भट्ट के नेतृत्व में पहुंची टीम ने मौके पर पाया कि बिल्डर्स द्वारा वन पंचायत की भूमि पर अवैध रूप से सड़क निर्माण कराया जा रहा था। प्रशासन ने बिना देर किए कार्रवाई करते हुए न सिर्फ अतिक्रमण को ध्वस्त कराया, बल्कि सरकारी जमीन को कब्जामुक्त भी कराया।मामले की गंभीरता को देखते हुए प्रशासन ने बड़ा फैसला लेते हुए वन पंचायत सुंदरखाल के सरपंच को वन पंचायत अधिनियम के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। वहीं राजस्व उपनिरीक्षक को



पूरे प्रकरण में विस्तृत जांच और कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही संबंधित बिल्डर्स के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने के आदेश भी मौके पर ही जारी कर दिए गए।कार्रवाई के दौरान तहसीलदार मनीषा बिष्ट, राजस्व निरीक्षक प्रवीण ह्यांकि, नारायण वर्मा, उपनिरीक्षक निर्मल बोरा और वन विभाग के पूरण मेलकानी सहित कई अधिकारी मौजूद रहे।प्रशासन ने साफ संदेश दिया है कि पहाड़ों की जमीन को खुर्द-बुर्द करने वाले भूमाफियाओं को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। सरकारी और वन पंचायत की भूमि पर अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ इसी तरह सख्त अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

## वन विभाग ने 13 किलो हिरण के मांस के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया,दो आरोपी फरार

रामनगर (संवाददाता)। तराई पश्चिम वन प्रभाग आमपोखरा क्षेत्र में वन विभाग ने हिरण के मांस के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है।जबकि इस घटना में शामिल दो अन्य आरोपी फरार हो गए हैं।तराई पश्चिम वन प्रभाग के आमपोखरा रेंज के नेपा क्षेत्र में वन्यजीव अपराध का एक मामला सामने आया है।जानकारी के अनुसार, दो तस्कर एक मृत हिरण को मालधन के आनंद नगर नंबर 7 स्थित एक बूचड़ दुकान पर लेकर पहुंचे थे।मंगलवार को वन विभाग को हिरण के मांस की बिक्री की सूचना मिली, जिसके बाद टीम ने तुरंत मौके पर छापा मारा। कार्रवाई के दौरान दुकानदार संजय कुमार को करीब 13 किलो हिरण के मांस के साथ गिरफ्तार किया गया।मृत हिरण को इसी दुकान पर काटा गया था। तराई पश्चिम वन प्रभाग आमपोखरा रेंज के रेंजर पूरन सिंह खानायात ने बताया कि वन विभाग को सूचना मिली थी कि मालधन क्षेत्र में हिरण के मांस की बिक्री हो रही है। टीम ने मौके पर पहुंचकर छापेमारी की और एक व्यक्ति को 13 किलो मांस के साथ गिरफ्तार किया। उन्होंने बताया कि तीनों आरोपियों के खिलाफ भारतीय वन्यजीव संरक्षण अपराध अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। उन्होंने बताया कि आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया है।मामले में दो आरोपियों की तलाश की जा रही है।

## उप जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा

रामनगर (संवाददाता)। डॉ अंबेडकर जयंती समारोह समिति के द्वारा नगर पालिका परिषद रामनगर नैनीताल के अम्बेडकर पार्क जैसी ऐतिहासिक और



सम्मानित जगह को कूड़ा घर बनाया जाने का कड़ा विरोध करते हुए उप जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा जिससे समाज मै ज्यादा आक्रोश है समिति के द्वारा इससे पूर्व भी अधिशासी अधिकारी को ज्ञापन पत्राचार किया है। इसके बावजूद भी अंबेडकर पार्क में लगातार कूड़े की गाड़ी ओर गंदगी की जा रही है उचित कार्यवाही नहीं होने पर आंदोलन करने की चेतावनी दी गई है। समिति की अध्यक्ष रेवीराम खेरिया, एड० विनोद अंजान, एम आर टम्टा, एसआर टम्टा, प्रकाश शिल्पी, भवानी राम,आनंद टम्टा,ग्राम प्रधान कैलाश चन्द्र,उमा शंकर टम्टा, एड० रंजीत सिंह, गिरीश चन्द्र,आदि लोग उपस्थित रहे।

**साड़ी में श्वेता तिवारी का दिलकश अंदाज, फैंस बोले- तारीफ के लिए शब्द नहीं**

टीवी एक्ट्रेस श्वेता तिवारी आए दिन अपनी बोल्डनेस के कारण सोशल मीडिया पर लाइमलाइट में बनी हुई रहती हैं। एक्ट्रेस भले ही फिल्मों में कम नजर आती हैं, लेकिन आए दिन अपने हॉट एंड ग्लैमरस लक्स से हमेशा चर्चाओं में रहती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस श्वेता तिवारी ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। इन फोटोज में उन्होंने खूबसूरत साड़ी पहनी हुई है, जिसमें वो काफी स्टनिंग नजर आ रही हैं।वे गुलाबी साड़ी में खूबसूरत पोज देती दिख रही हैं। श्वेता ने मैचिंग झुमको के साथ लुक कंपलिट किया हैं। श्वेता के इस लुक और उनकी फिटनेस की यूजर्स जमकर तारीफ कर रहे हैं। श्वेता तिवारी ने शो कसौटी जिंदगी की से अपना टीवी कैरियर शुरु किया था।अपने बेबाक अभिनय से लोगों के बीच अपनी पहचान बनाने वाली एक्ट्रेस श्वेता तिवारी के चाहने वाले देशभर में हैं।श्वेता तिवारी आज भी इतनी खूबसूरत हैं कि फैंस उनकी एक झलक के लिए बेताब रहते हैं। उनकी तस्वीरें फैंस के दिलों को बेताब किए रहती हैं।फैंस उनकी तस्वीरों को देखकर ढेर सारा प्यार लुटा रहे हैं।कसौटी जिंदगी की फेम एक्ट्रेस श्वेता तिवारी ने छोटे पर्दे के कई सीरियल्स और टीवी शोज में काम किया है।



## कॉकटेल 2 में देखने को मिलेगा कृति सैनन का अलग अंदाज, बोलीं- पिछली फिल्मों से बिल्कुल अलग है

बॉलीवुड एक्ट्रेस कृति सैनन जल्द ही अपकमिंग फिल्म कॉकटेल 2 में नजर आने वाली है. हाल ही में एक्ट्रेस ने खुलासा किया कि फिल्म में उनका बिलकुल अलग ही अंदाज देखने को मिलेगा. आइए जानते है उन्होंने आगे क्या कहा.बॉलीवुड एक्ट्रेस कृति सैनन ने अपनी अपकमिंग फिल्म कॉकटेल 2 को लेकर एक्साइटमेंट बढ़ा दिया है. उन्होंने बताया कि इस फिल्म में उनका किरदार अब तक का सबसे बोल्ड रोल है.होमी अदजानिया के निर्देशन में बन रही इस फिल्म में फ्रेश कास्ट और मॉडर्न रोमांस की झलक देखने को मिलेगी, जिसे लेकर फैंस के बीच पहले से ही काफी एक्साइटेड है.

कृति सैनन ने बताया कि इस फिल्म में उनका लुक और किरदार उनकी पिछली फिल्मों से बिल्कुल अलग है. उनका कैरेक्टर काफी स्टाइलिश, कॉन्फिडेंट और फैशन-फॉरवर्ड है, जिसे उन्होंने पहले कभी स्क्रीन पर नहीं निभाया.एक्ट्रेस ने यह भी कहा कि होमी अदजानिया के साथ काम करने से उन्हें अपनी एक नई स्क्रीन पर्सनैलिटी को एक्सप्लोर करने का मौका मिला.

बता दें, अपकमिंग रोमांटिक कॉमेडी कॉकटेल 2 में शाहिद कपूर और रश्मिका मंदाना लीड रोल में नजर आएंगे. फिल्म को होमी अदजानिया डायरेक्ट कर रहे हैं, जो पहले भी ओरिजिनल कॉकटेल का निर्देशन कर चुके हैं.यह फिल्म नई कहानी और किरदारों के साथ पेश की जाएगी, लेकिन इसमें 2012 की हिट फिल्म कॉकटेल वाला ही फील बरकरार रखा गया है.

कॉकटेल 2 को एक स्पिरिचुअल सीक्वल माना जा रहा है, जिसमें रोमांस, ग्लैमर और आज के रिश्तों से जुड़े मुद्दों को दिखाया जाएगा. यह फिल्म जून 2026 में रिलीज होने वाली है.



## अक्षय कुमार की फिल्म भूत बंगला की रिलीज डेट आगे बढ़ी, अब 17 अप्रैल को पर्दे पर देगी दस्तक

बॉक्स ऑफिस पर होने वाले साल के सबसे बड़े टकराव से बचने के लिए निर्माता एकता कपूर ने बड़ा फैसला लिया है। अक्षय कुमार की बहुप्रतीक्षित फिल्म भूत बंगला की रिलीज डेट को आगे बढ़ा दिया गया है। रिपोर्ट्स के अनुसार, रणवीर सिंह की मेगा-ब्लॉकबस्टर धुरंधर 2 के साथ सीधे टकराव और बॉक्स ऑफिस प्रतिस्पर्धा से बचने के लिए एकता ने ये कदम उठाया है, ताकि दोनों फिल्मों के कारोबार पर बुरा असर न पड़े।एकता की फिल्म भूत बंगला अब 10 अप्रैल को रिलीज नहीं होगी। फिल्म की रिलीज में देरी की खबरों के बीच वैरायटी इंडिया ने भी पुष्टि की है कि इस हॉरर-कॉमेडी फिल्म को औपचारिक रूप से स्थगित कर दिया गया है। । अब इसकी नई रिलीज डेट 17 अप्रैल, 2026 तय की गई है। दरअसल, धुरंधर 2 फिलहाल सिनेमाघरों में राज कर रही है, इसलिए एकता कोई भी जोखिम उठाने के मूड में नहीं हैं।धुरंधर 2 का बॉक्स ऑफिस पर ऐसा तूफान आया है कि बड़े-बड़े हॉलीवुड सितारे भी इसके सामने टिक नहीं पा रहे हैं। फिल्म अभी भी हाउसफुल सिनेमाघरों में चल रही है और लगभग सभी स्क्रीन्स पर इसी का कब्जा है। यहां तक कि हॉलीवुड सुपरस्टार रायन गोसलिंग की बहुप्रतीक्षित फिल्म प्रोजेक्ट हेल मैरी, जिसे विशेष रूप से आइमैक्स के लिए फिल्माया गया था, उसे भी भारत में उतनी स्क्रीन्स नहीं मिल पाई, जितनी उसे जरूरत थी।इंडस्ट्री के एक सूत्र के अनुसार, भूत बंगला के निर्माताओं को धुरंधर 2 से मुकाबला करने की चुनौतियों का अहसास हो गया था। ये बिजनेस से जुड़ा है बेहतरीन फैसला है, जो न केवल निर्माताओं के लिए, बल्कि पूरी फिल्म इंडस्ट्री के लिए फायदे का सौदा है। एकता की मां और निर्माता शोभा कपूर ने भी इस फैसले का पूरा समर्थन किया है। इससे पहले यश की फिल्म टॉक्सिक ने भी धुरंधर 2 से टकराने से परहेज किया था।

# विजय वर्मा के जन्मदिन पर फैंस को मिला तोहफा, रिलीज हुआ मटका किंग का टीजर, 17 अप्रैल को प्राइम वीडियो पर होगा प्रीमियर

प्राइम वीडियो, जो इंडिया का सबसे पसंदीदा एंटरटेनमेंट डेस्टिनेशन है, उसने आज विजय वर्मा के बर्थडे पर उनकी आने वाली ओरिजिनल ड्रामा सीरीज मटका किंग की वर्ल्डवाइड प्रीमियर डेट 17 अप्रैल अनाउंस कर दी है.अभय कोरन्ने की लिखी और नागराज पोपटराव मंजुले की बनाई और डायरेक्ट की गई ये सीरीज 1960 के दशक के बदलते बॉम्बे पर बेस्ड है. ये कहानी एक कॉटन ट्रेडर के इर्द-गिर्द घूमती है जो मटका नाम का एक नया जुआ सिस्टम शुरू करता है और अमीरों के इस शौक को पूरे देश में फैला देता है.इसे सिद्धार्थ रॉय कपूर, नागराज पोपटराव मंजुले, गार्गी कुलकर्णी, अश्विनी सिदवानी और आशीष आर्यन ने रॉय कपूर फिल्म्स, आटपाट और एसएमआर प्रोडक्शंस के बैनर तले प्रोड्यूस किया है. मटका किंग में विजय वर्मा, कृतिका कामरा, सई ताम्हणकर, सिद्धार्थ जाधव, भूपेंद्र जादावत और गुलशन ग्रोवर लीड रोल्स में हैं. इनके साथ ही विनीत कुमार सिंह, भरत जाधव, गिरीश कुलकर्णी, जेमी लीवर, किशोर कदम, साइरस साहूकार, अर्पिता सेठिया, संभाजी तांगड़े, इश्तियाक खान, संजीव टोंगिया और सिमरन अश्विनी भी अहम किरदारों में नजर आएंगे. ये सीरीज 17 अप्रैल को भारत और दुनिया के 240 से ज्यादा देशों में सिर्फ प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होगी.मटका किंग की कहानी ब्रिज भट्टी के इर्द-गिर्द घूमती है, जिसका किरदार विजय वर्मा ने निभाया है. वह 1960 के दशक के बदलते बॉम्बे में अपनी पहचान और इज्जत बनाने की कोशिश में जुटा एक तेज दिमाग और मेहनती कॉटन ट्रेडर है. भीड़भाड़ वाले बाजारों, चॉलों और बदलती पावर डायनेमिक्स के बीच सेट यह कहानी एक महत्वाकांक्षी आइडिया से शुरू होती है, जो धीरे-धीरे अपनी एक अलग पहचान बना लेता है और समाज के हर तबके के लोगों को अपनी ओर खींचने लगता है. जैसे-जैसे उम्मीदें और दांव बढ़ते जाते हैं, यह सीरीज महत्वाकांक्षा, ताकत और अपनी जगह बनाने की एक रोमांचक कहानी के रूप में सामने आती है.प्राइम वीडियो इंडिया के ओरिजिनल्स हेड और डायरेक्टर निखिल मधोक ने कहा, मटका किंग एक ऐसे आदमी की दिलचस्प कहानी है जो बदलते वक्त के साथ हर मुश्किल से लड़कर कामयाब होने की कोशिश करता है, और इसे इस तरह से पेश किया गया है कि दर्शक हैरान रह जाएंगे. ब्रिज भट्टी का मटका किंग बनने का सफर जितना शानदार है, उतना ही एक सबक भी देता है. हम रॉय कपूर फिल्म्स, आटपाट और एसएमआर प्रोडक्शंस के साथ मिलकर इस बोल्ड कहानी को 17 अप्रैल को दुनियाभर के दर्शकों तक पहुँचाने के लिए बहुत एक्साइटेड हैं.

# मुख्यमंत्री ने चम्पावत को दी 36.83 करोड़ की विकास योजनाओं की सौगात



देहरादून(संवाददाता। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने जनपद चम्पावत के समग्र विकास को नई दिशा देते हुए जनकल्याण एवं आधारभूत संरचना को सशक्त बनाने के लिये 36.83 करोड़ की 17 योजनाओं शिलान्यास एवं लोकार्पण किया। इसमें ह 7.12 करोड़ लागत वाली 4 योजनाओं का लोकार्पण तथा 29.71 करोड़ की 13 योजनाओं का शिलान्यास शामिल है। मुख्यमंत्री ने कहा इन योजनाओं से चम्पावत के अंतिम छोर तक विकास का लाभ पहुंचेगा और जनपद तेजी से "आदर्श जनपद" के रूप में स्थापित होगा। मुख्यमंत्री ने गांधी चौक में स्थापित 100 फीट ऊंचे राष्ट्रीय ध्वज का विधिवत अनावरण भी किया। इस अवसर पर अपने सम्बोधन में मुख्यमंत्री ने कहा कि तिरंगा केवल एक ध्वज नहीं, बल्कि देश की एकता, अखंडता और संप्रभुता का प्रतीक है, जो प्रत्येक नागरिक में राष्ट्रसेवा का भाव जागृत करता है तथा आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करता है।मुख्यमंत्री ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में उत्तराखंड विकास और समृद्धि के नए आयाम स्थापित कर रहा है तथा चम्पावत को "आदर्श जनपद" बनाने का संकल्प इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने बताया कि जनपद में घ117 करोड़ से अधिक की लागत से गोलज्यू कॉरिडोर का निर्माण प्रगति पर है। स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करते हुए जिला चिकित्सालय में छ20 करोड़ की लागत से 50 बेड का अत्याधुनिक क्रिटिकल केयर यूनिट स्थापित किया गया है तथा छ5 करोड़ की लागत से सीटी स्कैन एवं एमआरआई जैसी सुविधाएं भी उपलब्ध कराई गई हैं, जिससे स्थानीय लोगों को अब बाहर नहीं जाना पड़ेगा।मुख्यमंत्री ने कहा कि छ57 करोड़ की लागत से बन रहा साइंस सेंटर, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के इस युग में बच्चों को आधुनिक ज्ञान से जोड़ते हुए उन्हें वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार करेगा। उन्होंने बताया कि शारदा कॉरिडोर के निर्माण से पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा और स्थानीय लोगों के लिए स्वरोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। उन्होंने कहा कि खेल क्षेत्र में बेटियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से लोहाघाट में छ257 करोड़ की लागत से राज्य का पहला महिला स्पोर्ट्स कॉलेज निर्माणाधीन है। इसके साथ ही भारत-नेपाल सीमा पर ड्राई पोर्ट निर्माण तथा बुजुर्गों के लिए घ8.99 करोड़ की लागत से वृद्धाश्रम भवन निर्माणाधीन है।मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम के दौरान वीर सैनिकों, वीर नारियों एवं पर्यावरण मित्रों को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया और कहा कि सरकार विकास योजनाओं को धरातल पर उतारने के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है।इस दौरान दर्जा राज्य मंत्री श्याम नारायण पांडे, अध्यक्ष जिला पंचायत आनंद सिंह अधिकारी, भाजपा जिलाध्यक्ष गोविंद सामंत, अध्यक्ष नगर पालिका चंपावत श्रीमती प्रेमा पांडेय, लोहाघाट गोविंद वर्मा, ब्लॉक प्रमुख अंचला बोहरा, जिलाधिकारी मनीष कुमार, पुलिस अधीक्षक रेखा यादव, मुख्य विकास अधिकारी डॉ जीएस खाती, व्यापार मंडल अध्यक्ष विकास शाह सहित जनप्रतिनिधि, विभागीय अधिकारी कर्मचारी, भूतपूर्व सैनिक, वीर नारियां एवं बड़ी संख्या में नागरिक व अन्य मौजूद रहे।

## मुख्यमंत्री ने प्रदान की विभिन्न विकास योजनाओं के लिए वित्तीय स्वीकृति

देहरादून(संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उत्तराखण्ड संस्कृत विश्वविद्यालय, हरिद्वार में विश्वविद्यालय की चाहरदीवारी निर्माण कार्यदायी संस्था द्वारा गठित आंगणन को नियोजन विभाग द्वारा संस्तुत धनराशि ह 8.62 करोड के सापेक्ष संगत मद में अवशेष एवं उपलब्ध बजट ह 1.50 करोड, शहरी विकास विभाग के अन्तर्गत जनपद देहरादून के डाण्डा लखौण्ड सहस्त्रधारा रोड में शहरी विकास निदेशालय के कार्यालय भवन निर्माण हेतु लागत ह 62.64 करोड की स्वीकृति प्रदान करते हुए चालू वित्तीय वर्ष में ह 5.00 करोड तथा उच्च शिक्षा विभाग के अन्तर्गत सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय के लक्ष्मण सिंह महर पिथौरागढ़ परिसर में विधि संकाय भवन के निर्माण हेतु नियोजन विभाग द्वारा संस्तुत धनराशि घ17.48 करोड के सापेक्ष संगत मद में अवशेष एवं उपलब्ध बजट ह 3.13 करोड स्वीकृत किये जाने का अनुमोदन प्रदान किया है।मुख्यमंत्री द्वारा जनपद देहरादून के विधान सभा क्षेत्र रायपुर के विकासखण्ड रायपुर में कालंगा नहर (कि०मी० 4.00 से 5.900 कि०मी० के मध्य दुनाली के पास) खुली नहर पर कवरिंग कार्य हेतु प्रथम किश्त में ह 42.18 लाख, जनपद ऊधमसिंह नगर के विधानसभा क्षेत्र खटीमा के अन्तर्गत्त राज्य मार्ग-70 सत्रहमील से नानकसागर प्रभाग का 1.5 लेन में उच्चीकरण किये जाने हेतु 34.44 करोड तथा जनपद एवं विकासखण्ड चम्पावत के ग्राम नीड से नैनी ग्रामीण मोटर मार्ग के निर्माण नई ग्रामीण सड़क योजना के विस्तृत आगणन की धनराशि 6.58 करोड़ स्वीकृत किये जाने का अनुमोदन प्रदान किया गया है।

## लॉ एंड ऑर्डर पर सीएम धामी सख्त, अधिकारियों को कड़ी चेतावनी

**- कानून व्यवस्था से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं, आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों पर कार्यवाही के लिए सघन अभियान चलाने के डीजीपी को दिए निर्देश**

**- कुठालगेट चौकी इंचार्ज और उप आबकारी निरीक्षक निलंबित**

देहरादून(संवाददाता)। देहरादून में हाल ही में हुई कानून-व्यवस्था से जुड़ी घटना पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए सख्त रुख अपनाया है। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि राज्य में किसी भी कीमत पर कानून व्यवस्था से समझौता नहीं किया जाएगा। मुख्यमंत्री के निर्देश पर सोबन सिंह उप, उप आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-3 मसूरी, जनपद-देहरादून और प्रभारी कुठालगेट चौकी उपनिरीक्षक ना.पु अशोक कुमार को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रदेशभर में तत्काल प्रभाव से व्यापक चेकिंग अभियान चलाया जाए और सभी अवांछित एवं हुड़दंग करने वाले तत्वों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि रोड रेज, फायरिंग, और देर रात तक चलने वाली अवैध गतिविधियों पर पूरी तरह अंकुश लगाया जाए। मुख्यमंत्री ने दो टूक कहा कि राज्य सरकार की प्राथमिकता आम जनता की सुरक्षा है और इसके लिए हर जरूरी कदम उठाया जाएगा। उन्होंने पुलिस और प्रशासन को पूरी सख्ती और मुस्तैदी के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने साफ कहा कि ड्यूटी में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा।देहरादून में हालिया घटना के बाद संबंधित अधिकारियों के निलंबन को इसी सख्ती का उदाहरण बताते हुए उन्होंने कहा कि आगे भी ऐसी कार्रवाई जारी रहेगी।उधर मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन ने मंगलवार को सचिवालय में शहर में लॉ एंड ऑर्डर को लेकर गृह और पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक ली।

## मंत्री रेखा आर्या ने गैस आपूर्ति व चारधाम यात्रा तैयारियों की ली समीक्षा

देहरादून(संवाददाता)। प्रदेश की खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री रेखा आर्या ने वर्तमान अन्तर्राष्ट्रीय परिस्थितियों के कारण वैश्विक स्तर पर ईंधन आपूर्ति श्रृंखला (एल०पी०जी० रसोई गैस) प्रभावित होने से प्रदेश में उत्पन्न स्थिति के सम्बन्ध में विधानसभा स्थित सभागार कक्ष में खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग के शासन व जिला स्तरीय अधिकारियों एवं विभिन्न गैस कम्पनियों आईओसी, बीपीसी व एचपीसी के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में मंत्री ने घरेलू एवं व्यावसायिक गैस आपूर्ति, पीएनजी पाईपलाईन, डीजल व पेट्रोल की उपलब्धता, सीएनजी, गैस की कालाबाजारी, जमाखोरी व मुनाफाखोरी के प्रर्वतन, चारधाम यात्रा की तैयारी आदि विषयों की जनपदवार समीक्षा की।मंत्री ने कहा कि है कि प्रदेश में तीनों गैस कम्पनियों आईओसी, बीपीसी व एचपीसी सभी को मिलाकर लगभग 35 लाख 55 हजार 05 सौ 69 घरेलू गैस कनेक्शन एवं 60 हजार 09 सौ 76 व्यावसायिक गैस कनेक्शन हैं। यदि स्टॉक की बात की जाय तो 30 मार्च 2026 तक प्रदेश में तीनों कम्पनियों को मिलाकर 80 हजार 08 सौ 61 घरेलू गैस सिलेण्डर व 12 हजार 146 व्यावसायिक गैस सिलेण्डर का स्टॉक उपलब्ध है। मंत्री ने कहा कि समीक्षा के बाद पाया गया कि प्रदेश में घरेलू गैस की उपलब्धता को लेकर कोई समस्या नहीं है। वर्तमान परिस्थितयों के अनुसार भारत सरकार द्वारा निर्धारित मानक शहरी क्षेत्रों में 25 एवं ग्रामीण क्षेत्रों में 45 दिनों में उपभोक्ताओं को गैस सिलेण्डर की उपलब्धता का अनुपलन हो रहा है। व्यावसायिक गैस कनेक्शनधारकों जैसे अस्पतालों, शिक्षण संस्थानों आदि को भी गैस सिलेडरों की निर्बाध आपूर्ति की जा रही है। सभी लीगल घरेलू व व्यावसायिक गैस कनेक्शन जो चालू स्थिति में हैं उन्हें गैस सिलेण्डरों की उपलब्धता करायी जा रही है। मंत्री ने कहा कि प्रदेश के मैदानी क्षेत्रों में ऑनलाईन बुकिंग के पश्चात उपभोक्ताओं को डोर टू डोर गैस सिलेण्डर उपलब्ध कराये जा रहे हैं तथा पहाड़ी क्षेत्रों में रोस्टर के अनुसार गैस सिलेण्डर की आपूर्ति की जा रही है।



स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक संजीव पंत द्वारा जेल रोड, हल्द्वानी, नैनीताल उत्तराखण्ड से प्रकाशित एवं चिराग पब्लिकेशन जेल रोड, हल्द्वानी नैनीताल से मुद्रित। **सम्पादक - राजेश पंत**
फोन नं0- 05946-254443 प्रसार प्रबंधकः वसीम अहमद , आर एन आई नं.: UTTHIN/2010/36647 email: jokhimhaldwani2013@gmail.com
ताज़ातरीन खबरों व सही जानकारी के साथ समाचार को विस्तार से पढ़नें के लिए लागआन करें हमारा newsportal:. jokhimnews.com